17.06.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कनाडा में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेगें– इसमें ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और अन्य वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा होगी।

○ भारतीय दूतावास ने इस्राइल और ईरान में बढ़ते तनाव को देखते हुए तेहरान से विद्यार्थियों को सुरक्षित निकाला।

○ केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जोधपुर में कहा प्रकृति का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए घातक।

○ राज्य में मॉनसून प्रवेश का काउंटडाउन शुरू– अधिकतर स्थानों पर मॉनसून पूर्व की बारिश का दौर जारी।

○ प्रदेशभर में योग शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से योग से जुड़ने की अलख जगाई जा रही है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कनाडा के कनानास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश से जुड़ी चर्चाओं में भाग लेंगे। श्री मोदी लगातार छठी बार जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि वे कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सहित अन्य नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। भारत कनाडा संबंधों में व्यापार, निवेश और भारतीय छात्रों के मुद्दे प्रमुख हैं। दुनियाभर में भारतीय प्रवासियों के लिए कनाडा सबसे पसंदीदा स्थान में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी कल क्रोएशिया की राजधानी ज़ागरेब पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे।

000

ईरान की राजधानी तेहरान में भारतीय दूतावास ने सुरक्षा कारणों से भारतीय विद्यार्थियों को शहर से बाहर भेज दिया है। विदेश मंत्रालय के वक्तव्य में बताया गया है कि जिन नागरिकों के पास आने जाने की अपनी व्यवस्था है उन्हें भी तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर से बाहर जाने को कहा गया है। कुछ भारतीयों को आर्मेनिया से लगने वाली सीमा से ईरान से बाहर निकलने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दूतावास लगातार भारतीय समुदाय के सम्पर्क में है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। टोल फ्री नम्बर हैं– 1800 118 797 और 91–11–23 01 21 13 मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच जी–7 समूह के नेताओं ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर नागरिकों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया है।

000

आज विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस है। ये दिन भूमि क्षरण को रोकने के लिए पूरी दुनिया में मनाया जाता है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इस अवसर पर जोधपुर में कहा कि प्रकृति का विकल्प नहीं है। मनुष्य सब कुछ विकसित कर सकता है, किन्तु प्रकृति को नहीं बना सकता। श्री यादव आज शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, आफरी में मरुस्थलीकरण तथा सूखा निरोधक रणनीतियों पर राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्‌घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के लिए प्रकृति के अत्यधिक दोहन के कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है। हमें प्रकृति के दोहन के साथ–साथ इसके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यशाला में कहा कि पश्चिमी राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा पीढ़ी दर पीढ़ी दी जाती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के साथ प्रकृति का संतुलन बनाए रखना होगा और इसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी। भारत दुनिया में जमीन से सबसे ज्यादा पानी निकालने वाला देश है। ऐसे में जल संरक्षण को जन आन्दोलन बनाने की जरूरत है।

000

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पाली जिले में सड़क निर्माण के लिए 128 करोड़ रूपये से अधिक की मंजूरी दी है। सेन्ट्रल रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड के तहत मिलने वाली इस राशि से सुमेरपुर और बाली क्षेत्र में सड़क निर्माण किया जाएगा। इस पर 36 करोड़ रूपये खर्च होगें। वहीं सड़कों की मरम्मत और उन्हें चौड़ा करने के लिए 62 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी। सड़क सम्पर्क मजबूत होने से जिले में आवागमन सुगम होगा वहीं व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

000

राज्य में एक–दो दिन में मॉनसून के आने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार गुजरात और आसपास के इलाकों पर कम दबाव का क्षेत्र बना है इससे मॉनसून के दक्षिण राजस्थान की ओर बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। राज्य में अधिकतर स्थानों पर कल हल्की से मध्यम बरसात के आसार हैं। वहीं अगले 4–5 दिन में उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। इस बीच आज करौली, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, झालावाड़ और चूरू में कुछ जगह अच्छी बरसात हुई। भरतपुर में दोपहर बाद तेज अंधड के साथ हुई बारिश से कई जगह टीन–टप्पर उड़ गये और होर्डिंग्स धाराशायी हो गये। हनुमानगढ़ से हमारी संवाददाता ने बताया कि पानी के तेज बहाव के कारण कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई।

000

बीते चौबीस घंटों में पूर्वी राजस्थान में कई जगह भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा साढे 7 सेंटीमीटर पानी सीकर में बरसा।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आज योग बंधन कार्यक्रम रखा गया। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में हुए इस कार्यक्रम में डेनमार्क, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। ये इस साल योग दिवस के सिलसिले में चलाये गये दस प्रमुख कार्यक्रमों में से है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इस अवसर पर कहा कि विभिन्न देशों के ये प्रतिनिधि पांच दिन की भारत यात्रा में उन महत्वपूर्ण स्थानों पर भी जाएंगे जहां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोहों का आयोजन होना है। यह दौरा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के बाद सम्पन्न होगा।

प्रदेश में भी योग शिविर और सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम जारी हैं। आज मुख्यमंत्री निवास पर विशेष योग सत्र रखा गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विद्यार्थियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। अजमेर, पाली और झालावाड़ में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन के तहत विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम हो रहे हैं। सरहदी जिले जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि रेतीले धोरों पर योगासन करते बी.एस.एफ. जवान आकर्षक नजारा पेश कर रहे हैं।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसके माध्यम से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी जा रही है।

000

हज 2025 के मुकद्दस सफर पर गये यात्रियों का लौटना शुरू हो गया है। हाजियों की वापसी की पहली उड़ान आज सुबह जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। राजस्थान हज कमेटी के अनुसार 28 जून तक 17 उड़ानों के जरिये हाजियों की वापसी होगी। राज्य से इस बार 3 हजार 408 यात्री हज यात्रा पर गये थे।

000

कोटपूतली–बहरोड़ में एसीबी की टीम ने पावटा–प्रागपुरा नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी के आवास और अन्य ठिकानों की तलाशी ली। ईओ के खिलाफ पद का दुरूपयोग करने और आय से अधिक सम्पत्ति होने के आरोप पर ये कार्रवाई की गई। ऑपरेशन मनी मिन्टिग की कार्रवाई में आरोपी के पास कई फ्लैट और भू–खण्ड होने की बात सामने आई है।

000